>

Title: Need to prevent annual flood caused by the Sharada river in Sitapur Parliamentary Constituency in Uttar Pradesh and also rehabilitate people who lost their houses and properties due to land erosion caused by the river.

श्रीमती कैसर जहां (सीतापुर): मेरे लोकसभा क्षेत्र सीतापुर के विकास क्षेत्र रेउसा के मल्लानपुर, काशीपुर, पसिनपुरवा, मुसेपुर समेत करीब दर्जन भर गांव शारदा नदी के कटान के कारण नदी में समा चुके हैं। ऐसा हर वर्ष होता है जब शारदा नदी की बाढ़ की वजह से दर्जनों अर्थात् सीतापुर के अधिकतर क्षेत्र प्रतिवर्ष अत्यंत प्रभावित होते हैं। गत वर्षो में माननीय मंत्री जी (जल संसाधन) स्वयं प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर वहां की स्थिति से वाकिफ हुए हैं एवं इस समस्या का समाधान अत्यंत आवश्यक है। गाँव पूरी तरह प्रभावित होते हैं। यहां निवास करने वाले हजारों लोगों को जीवनयापन एवं पुनर्वास की समस्या उत्पन्न होती है और निरंतर बनी रहती है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे लोकसभा क्षेत्र सीतापुर में शारदा नदी के किनारे रहने वाले मल्लानपुर, काशीपुर, पसिनपुरवा, मुसेपुर तथा अन्य गाँव जो नदी के बाढ़ के कटान के कारण नदी में समा चुके हैं एवं प्रतिवर्ष जो इस बाढ़ की समस्या से अत्यंत प्रभावित होते हैं। उनके पुनर्वास की व्यवस्था करने तथा प्रतिवर्ष आने वाली इस आपदा से बचाने हेतु शीघ्र अति आवश्यक कार्रवाही की जाए। यह जनहित में अति आवश्यक है।